(ख) और (ग). भारत सरकार का एक उपक्रम दि हिन्दुस्तान पेपर कारपोरेशन केरल राज्य में वेल्लोर में 8 0,000 मी० टन वार्षिक क्षमता वाला एक अखबारी कागज का कारखाना स्थापित कर रहा है। आशा है कि यह कारखाना वर्ष 1979 के मध्य तक शुरू हो जायेगा।

कर्नाटक सरकार के एक एकक मैसूर पेपर मिल्स को 75, 000 मी० टन अखबारी कागज का वार्षिक उत्पादन करने हेतु पर्याप्त बस्तार करने के लिए एक औद्योगिक लाइसेंस जारी किया गया है। चूंकि योजना को हाल ही में अनुमति दी गई है। अतः इस समय योजना शुरू हो जाने की संभावित तिथि का अनुमान लगा सकना संभव नही है।

दरभंगा आकाशवाणी केन्द्र में स्टेशन डायरेक्टर की नियुक्ति

9984. **श्री सुरेन्द्र झा सुमन :** क्या सूचना और प्रसारण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या दरभंगा आकाशवाणी केन्द्र अभी तक स्टेशन डायरेक्टर की नियुक्ति नहीं की गई है; और

(ख) यदि हां, तो उसकी नियुक्ति कब तक की जायेगी ?

सूचना और प्रसारण मंत्री (श्री लाल कृष्ण अडवाणी) : (क) जी, हां।

(ख) नियुक्ति विभागीय पदोन्नति, जिसके लिए संघ लोक सेवा आयोग द्वारा आवश्यक कार्रवाई की जा रही है, जिसके आधार पर अधिकारियों की एक तालिका उपलब्ध हो जाने पर की जायेगी।

निर्मित और आयातित जहाजों की संख्या

9985. **श्री सुरेन्द्र झा सुमन :** क्या नौवहन और परिवहन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) वर्ष 1975, 1976 और 1977 में देश में कितने जहाजों का निर्माण किया गया तथा कितने जहाजों का विदेशों से आयात किया गया;

(ख) किन-किन देशों से जहाजो का आयात किया गया तथा उनकी टन-भार क्षमता और कीमत कितनी थी; और

(ग) जहाज निर्माण के मामले में देश को आत्मनिर्भर बनाने के सम्बन्ध में सरकार की नीति का ब्यौरा क्या है ?

रक्षा मंत्रालय में राज्य मंत्री (प्रो० शेर सिंह) : (क)

वर्ष	उदयोगों की संख्या	
	भारत में निर्मित	बाहर के देश में से आयातित
1975	3	36
1976	5	35
1977	4	19